Bharat Temples

हाथ कस कर पकड़ ले मेरा संवारे

हाथ कस कर पकड़ ले मेरा संवारे
मैं छुड़ाना भी चाहु छुड़ा न सकू,

मेरी हर सांस पे श्याम लिख इस तरह,
मैं मिटाना भी चाहु मिटा न सकू,
हाथ कस कर पकड़ ले मेरा संवारे

मुझको लूटने का डर जग के मेले में है,
पांच डाकू भी संतो के रेले में है,
ठगनी माया की मीठी सी बातो में मैं कभी आना भी चाहु तो आ न सकू,
हाथ कस कर पकड़ ले मेरा संवारे.

हाथ में तेरे जब तक मेरा हाथ है ,
मुझको छू ले कोई किस की औकात है,
श्याम प्यारे सदा तू मेरे साथ है,
मैं भूलना भी चाहु भुला न सकू,
हाथ कस कर पकड़ ले मेरा संवारे

श्याम संदीप को तू बना बांसुरी,
नाचू छम छमा छम धुन में तेरी,
सर किसी और दर पे कभी संवारे,
मैं झुकना भी चाहु झुका न सकू,

हाथ कस कर पकड़ ले मेरा संवारे

Source:
https://www.bharattemples.com/haath-kas-kar-pakad-le-mera-sanware-main-chudana-bhi-chahu-chuda-naa-saku/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw